व्याकरण – पर्यायवाची शब्द

पर्यायवाची शब्द – समान अर्थ बताने वाले शब्दों को पर्यायवाची या समानार्थी शब्द कहते हैं |

जैसे – माता – माँ , अंबा , जननी , धरती – भू , भूमि ,धरा |

१. दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए -

i) पक्षी – खग ,विहग iv) पवन – अनिल , समीर , हवा

ii) सुबह – प्रातः ,सबेरा v) आँख – नेत्र ,नयन

iii) नदी – तटिनी , सरिता vi) जल – नीर , पानी

व्याकरण – पत्र लेखन

हमें पत्र लिखते समय कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए-

* पत्र की भाषा आसान होनी चाहिए।

* पत्र की लिखावट साफ़ और सुंदर होनी चाहिए।

* पत्र के प्रकार - पत्र दो प्रकार के होते हैं-

(क) औपचारिक पत्र

(ख) अनौपचारिक पत्र

* औपचारिक पत्र- जो पत्र प्रधानाचार्य, सरकारी कार्यालयों आदि को लिखे जाते हैं, वे औपचारिक पत्र कहलाते हैं।

* अनौपचारिक पत्र- जो पत्र रिश्तेदारों, संबंधियों और अपने दोस्तों को लिखे जाते हैं, वे अनौपचारिक पत्र कहलाते हैं।

⁎ दो दिन अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना - पत्र |

पुणे – 41

दिनांक – 04 दिसंबर , 2024

प्रधानाचार्य

एम-एन-बी.पी. इंटर नेशनल स्कूल चिखली , पुणे

विषय- दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं कक्षा तीन 'ब' का छात्र हूँ। अचानक कल रात से मेरी तबीयत खराब हो जाने के कारण डॉक्टर ने मुझे दो दिन आराम करने के लिए कहा है। इसलिए मुझे दिनांक 04.11. और 05.11.20 का अवकाश देने की कृपा करें। मैं आपका आभारी रहूँगा।

धन्यवाद

आपका आज्ञाकारी शिष्य

नरेश